दिनांक 21.03.2024 समय 18.30

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

- सर्वोच्च न्यायालय ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी नये विधान पर रोक लगाने से इंकार किया।
- डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे भाजपा के नये प्रदेश चुनाव प्रभारी नियुक्त–पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल कांग्रेस में शामिल।
- होली से पहले प्रदेश के मन्दिरों और अन्य स्थानों पर फागोत्सव के आयोजन।

  और
- राज्य के ज्यादातर स्थानों पर दिन में गर्मी का एहसास – आने वाले दिनों में तापमान में और बढोतरी की संभावना।

000

सर्वोच्च न्यायालय ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी नये विधान पर रोक लगाने से इंकार कर दिया है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपंकर दत्ता की पीठ ने कहा है कि इस समय जब लोकसभा चुनाव निकट हैं, विधान पर रोक नहीं लगाई जा सकती। इस बारे में दायर याचिका की सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि नवनियुक्त निर्वाचन आयुक्तों –ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधु के खिलाफ कोई आरोप नहीं हैं।

000

निर्वाचन आयोग ने भ्रामक सूचना की चुनौतियों से निपटने के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने कडे दिशा–निर्देश जारी करते हुए सभी हितधारकों से जिम्मेएदारीपूर्ण व्यावहार करने और सतर्क रहने का आग्रह किया है। इस स्थिति की गम्भीरता का उल्ले्ख करते हुए आयोग ने किसी प्रकार की भ्रामक सूचना का प्रसार करने से पहले राजनीतिक पार्टियों को उनकी जांच करने को कहा है। इस तरह भ्रामक सूचना के प्रसार को रोका जा सकता है।

000

लोकसभा चुनावों के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी ने राष्ट्रीय कार्य समिति के सदस्य डॉ विनय सहस्त्रबुद्धे को प्रदेश का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। इनके साथ विजया राहटकर और पूर्व सांसद प्रवेश वर्मा को प्रदेश में सह–प्रभारी नियुक्त किया है। प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया को पार्टी ने हरियाणा में प्रदेश चुनाव प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है।

गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव में केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी को प्रदेश का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया था। लेकिन अब प्रह्लाद जोशी खुद कर्नाटक के धारवाड़ से लोकसभा चुनाव लड़ रहे है। ऐसे में बीजेपी ने संगठन का लंबा अनुभव रखने वाले डॉ विनय सहस्त्रबुद्धे को राजस्थान में प्रदेश चुनाव प्रभारी नियुक्त किया हैं।

000

भाजपा नेता और पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल आज कांग्रेस में शामिल हो गये। कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने उन्हें कांग्रेस पार्टी में शामिल कराया। श्री गुंजल के अलावा नरेश मीणा सहित कुछ अन्य नेता भी कांग्रेस में शामिल हुए। इस मौके पर श्री डोटासरा ने कहा कि प्रदेश के सभी नेताओं से राय करने के बाद श्री गुंजल को पार्टी में शामिल करने का फैसला किया गया है। श्री गुंजल ने कहा कि उन्होंने जमीनी स्तर पर चालीस साल तक भाजपा के लिए काम किया, लेकिन पार्टी ने उनकी तपस्या की कद्र नहीं की। माना जा रहा है कि कांग्रेस की ओर से श्री गुंजल को कोटा या अन्य किसी लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया जा सकता है।

000

निर्वाचन आयोग की ओर से प्रदेश में डाक मतपत्रों के लिए एक नया पोर्टल 'पोस्टल बड्डी' तैयार किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से डाक मतपत्रों के लिए आवेदन से लेकर मतदान तक की पूरी प्रक्रिया की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जा सकती है. इससे 'कोई भी मतदाता न छूटे' के अभियान को सार्थक किया जा सकेगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने आज पोर्टल के शुभारम्भ के अवसर पर बताया कि इस पोर्टल के इस्तेमाल से अतिआवश्यक सेवाओं में जुटे कार्मिकों, होम वोटिंग के लिए पात्र बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं, निर्वाचन कार्य में नियोजित मतदाताओं को दी जा रही पोस्टल बैलट सुविधा अधिक आसानी से प्राप्त हो सकेगी।

....................

000

राज्य के विभिन्न जिलों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। सवाईमाधोपुर में सूचना और प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के लिए मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इस अवसर पर ब्यूरो की ओर से मतदाताओं को मतदान का महत्व बताते हुए आवश्यक रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। हनुमानगढ में स्वीप गतिविधियों के तहत आंगनबाडी केन्द्र में मेंहदी प्रतियोगिता के जरिये महिला मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया। जिला परिषद सीईओ ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम के तहत रोजाना नई गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। वहीं डूंगरपुर में नेहरू युवा केंद्र और जिला प्रशासन की ओर से अधिक से अधिक मतदान को लेकर विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।

000

..................

होली उत्सव से पहले पूरे प्रदेश में मन्दिरों और अन्य स्थानों पर फागोत्सव के आयोजन हो रहे हैं। जयपुर के गोविन्द देव जी मन्दिर में फागोत्सव के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। आज भी कई

नामचीन कलाकारों ने फागोत्सव में प्रस्तुतियां दी। राज्यपाल कलराज मिश्र भी फागोत्सव में सम्मिलित हुए। उन्होंने वहां फाग उत्सव पर खेली जा रही फूलों की होली की राधा माधव लीला देखी और कलाकारों की सराहना की। वहीं भरतपुर में पर्यटन और जिला प्रशासन की ओर से आयोजित हो रहे ब्रज होली महोत्सव के तहत विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान ब्रज कलाकारों की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुतियां दी गई। इधर बूंदी में फागोत्सव की धूम रही। लोग मंदिरो में भगवान के साथ होली खेलते नजर आ रहे हैं।

...........................

000

होली के पर्व को देखते हुए जयपुर जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने प्रशासन और पुलिस के विभिन्न अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी हैं। श्री राजपुरोहित ने एक आदेश जारी कर जयपुर जिले के सभी पुलिस उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण को सांप्रदायिक सौहार्द, कानून व्यवस्था, यातायात सहित सभी माकूल व्यवस्था करने के अलावा अतिसंवेदनशील इलाकों में सतत निगरानी रखने के निर्देश दिये हैं। जयपुर नगर निगम ग्रेटर और हैरिटेज को होली और धुलण्डी के बाद अतिरिक्त स्टाफ तैनात कर सफाई के साथ–साथ अग्निशमन वाहन और स्टाफ तैनात करने के लिए निर्देशित किया गया है।

होली के पर्व पर मिलावटी मिठाइयों की बिक्री की आशंका को देखते हुए खाद्य निरीक्षकों को जयपुर जिले की मिठाईयों, दूध, मावा और पनीर की दुकानों का औचक निरीक्षण करने की जिम्मेदारी दी गई है।

000

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं। चुनिन्दा संदेशों को समाचार बुलेटिनों में स्थान दिया जाएगा। इसी कड़ी में आज सुनिये सिरोही से हमारे श्रोता का संदेश –

000

राज्य के ज्यादातर स्थानों पर अब दिन में गर्मी का एहसास होने लगा है। अधिकतर जिलों में दिन का तापमान में 33 से 38 डिग्री के बीच बना हुआ है। वहीं रात का तापमान भी बढने लगा है। बीती रात फलौदी में न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा जयपुर, जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर और डूंगरपुर में भी न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से ऊपर मापा गया है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में आने वाले चार–पांच दिन में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में बढोतरी की संभावना है।

000